## समर्पण कार्यक्रम का आयोजन

## भारतीय शास्त्रीय नृत्य के माध्यम से राजभाषा हिंदी का प्रचार एवं जागरूकता

संगीत नाटक अकादमी तथा उत्सव- एजुकेशनल एंड कल्चरल सोसाइटी द्वारा 5 दिसंबर, 2015 को राजभाषा हिंदी को समर्पित एक नृत्य संरचना 'समर्पण' प्रस्तुत की गई । समारोह में श्री राजनाथ सिंह, माननीय गृह मंत्री जी ने मुख्य अतिथि के रूप में व डा0 (श्रीमती) मृदुला सिन्हा, माननीय राज्यपाल, गोवा ने विशिष्ट अतिथि के रूप में भाग लिया । समारोह में राजभाषा विभाग के सचिव श्री गिरीश शंकर व संगीत नाटक अकादमी की सचिव श्रीमती हेलन आचार्य ने भी भाग लिया ।

2. 'समर्पण' वस्तुत: एक विशेष गीत -हिंदी भारत मां की बिन्दी' से प्रभावित है, जिसे गोवा की आदरणीया राज्यपाल डा0 श्रीमती मृदुला सिन्हा ने लिखा है । अब यह गीत केंद्रीय गृह मंत्रालय के राजभाषा विभाग का आधिकारिक गीत है, जिसे केंद्रीय गृह मंत्री श्री राजनाथ सिंह जी द्वारा 28 अगस्त, 2015 को जारी किया गया ।

3. हिंदी भाषा के प्रति प्रेम को दर्शाते हुए हिंदी का उत्सव मनाया गया जिसमें चार भारतीय शास्त्रीय नृत्य शैलियों- ओड़िसी, कथक, मोहिनीअट्टम, मणिपुरी तथा युद्ध कौशल शैली वाले सरायकेला छऊ को एकीकृत स्वर में प्रतिबिम्बित किया गया ।

4. ओड़िसी नृत्य गुरू रंजना गौहर, मोहिनीअट्टम श्रीमती जयप्रभा मेनन, मणिपुरी नृत्य श्री संजीव भट्टाचार्य, कथक नृत्य श्रीमती विद्या लाल और छऊ नृत्य संगीत नाटक अकादमी परियोजना के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया गया ।